**दिनांक 08.08.2026 को सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड की अध्यक्षता में आहूत सब्जी संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं अध्यक्षों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थिति :-** पंजी के अनुसार |

**1.आधारभूत संरचना का निर्माण :-**

समीक्षा के क्रम में सब्जी संघ अंतर्गत आधारभूत संरचना की अद्यतन स्थिति निम्न पाई गयी :-

| संघ | स्वीकृत | कार्य प्रक्रियाधीन | पूर्ण | कार्य प्रारंभ नहीं |
|---|---|---|---|---|
| तिरहुत | 36 | 25 | 11 | |
| सारण | 04 | 04 | | |
| हरित | 35 | 29 | 04 | 02 |
| शाहाबाद | 06 | 06 | | |
| मिथिला | 16 | 10 | 06 | |
| मगध | 12 | 12 | | |
| मुंगेर | 05 | 02 | | 03 |
| कुल | 114 | 88 | 21 | 05 |

पृच्छा किये जाने पर में तिरहुत सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 15 PVCS में तृतीय क़िस्त की राशि दे दी गयी है जिसकी समीक्षा कर यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा | अध्यक्ष, तिरहुत सब्जी संघ द्वारा बताया गया कि अक्टूबर माह तक 36 PVCS निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा |

हरित सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 15 दिनों में 20 PVCS में निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ द्वारा बताया गया कि निर्माणाधीन कार्यों का भ्रमण कर पूर्ण करा लिया जायेगा |

मिथिला सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 8 PVCS में तृतीय क़िस्त की राशि दे दी गयी है जिसकी समीक्षा कर यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा |

मगध सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 6 PVCS में दूसरी क़िस्त की राशि दी गयी है | 8 PVCS में सितम्बर तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा |

मुंगेर सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 2 PVCS में संघ से पैसा दिया गया है | 3 PVCS में भूमि विवादित होने के कारण ले-आउट नहीं हो पाया है |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.संघों को निदेश दिया गया कि पूर्ण संरचनाओं के व्यावसायिक उपयोग हेतु Business Development Plan तैयार कर वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय | संरचनाओं को मंडी के रूप में विकसित किया जाय | वहां सब्जीयों के क्रय-विक्रय की व्यवस्था की जाय, किसानों को आमंत्रित किया जाय | माइकिंग कराकर किसानों की गतिविधि सुनिश्चित किया जाय | जो सब्जी उत्पादक किसान PVCS के सदस्य नहीं है उन्हें सदस्य बनाया जाय |

II.मुंगेर सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि संघ अंतर्गत स्वीकृत संरचना हेतु विवादित भूमि से सम्बंधित समस्या का समाधान कराकर निर्माण कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें |

III.सारण सब्जी संघ के वैसे PVCS जिनमे योजनओं के क्रियान्वयन हेतु पूर्व में तिरहुत सब्जी संघ को राशि उपलब्ध करायी गयी है तिरहुत सब्जी संघ से उक्त राशि का हस्तांतरण सारण सब्जी संघ को किया जाय |

IV.माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा आधारभूत संरचनाओं का शिलान्यास एवं पूर्ण संरचना का उद्घाटन किया जाना है | निदेश दिया गया कि इस हेतु PVCS की सूची संघ द्वारा वेजफेड को उपलब्ध करायी जाय | वेजफेड के PMU द्वारा शिलापट्ट डिजायन का प्रारूप तैयार कर सम्बंधित संघ को उपलब्ध कराया जाय |

V.सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिन जिलों में अभियंता की समस्या है वहां जिला पदाधिकारी के समन्वय कर अभियंता की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करें |

VI. सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्रतिदिन सभी योजनाओं के निर्माण कार्यों के प्रगति से सम्बंधित प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें |

**2.प्याज भण्डारण हेतु गोदाम का निर्माण :-**समीक्षा के क्रम में सब्जी संघ अंतर्गत प्याज भण्डारण योजना की अद्यतन स्थिति निम्न पाई गयी :-

| संघ | स्वीकृत | जमीन प्राप्त | ले आउट | कार्य प्रारंभ | पूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|
| तिरहुत | 24 | 23 | 23 | 20 | 03 |
| सारण | 01 | 01 | 01 | 00 | 01 |
| हरित | 29 | 19 | 19 | 15 | 03 |
| शाहाबाद | 09 | 03 | 03 | 02 | - |
| मिथिला | 05 | 04 | 04 | 01 | 03 |
| कुल | 68 | 50 | 50 | 38 | 10 |

हरित सब्जी संघ से निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में पृच्छा किये जाने पर संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 4 और PVCS में भूमि प्राप्त हुयी है | कुछ PVCS में 10 % कार्य शेष है जिसे जल्द पूर्ण करा लिया जायेगा | यह भी बताया गया कि पहले MB के बाद अभियंता के अनुशंसा के साथ राशि की माँग की जाती थी | परन्तु अब मुख्य कार्यपालक

पदाधिकारी द्वारा उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी से अनुशंसा की माँग की जा रही है जिस कारण से PVCS को राशि हस्तांतरण करने में विलंब हो रहा है |

तिरहुत सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि शेष में निर्माण कार्य चल रहा है | 9 PVCS में कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.सभी सम्बंधित संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करावें|

## 3. 750 MT क्षमता के बहुद्देशीय शीत भण्डारण इकाई का निर्माण :-

समीक्षा के क्रम में चार सब्जी संघ यथा तिरहुत, हरित, मिथिला एवं मगध अंतर्गत 750 MT क्षमता के बहुद्देशीय शीत भण्डारण इकाई निर्माण योजना की अद्यतन स्थिति निम्न पाई गयी :-

| संघ | स्वीकृत | जमीन प्राप्त | राशि हस्तांतरित | ले आउट | कार्य प्रारंभ |
|---|---|---|---|---|---|
| तिरहुत | 01 | 01 | 1.10 करोड़ | | |
| हरित | 01 | 00 | | | |
| मिथिला | 01 | 01 | 1.10 करोड़ | | |
| मगध | 01 | 01 | 1.10 करोड़ | | |
| कुल :- | 04 | 03 | 3.30 करोड़ | | |

सब्जी संघ से भूमि उपलब्धता के सम्बन्ध में पृच्छा किये जाने पर हरित संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस हेतु हाजीपुर में भूमि चिन्हित किया गया है, तिरहुत संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि अरेराज में भूमि प्राप्त है, मगध संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बाजार समिति में भूमि प्राप्त है कार्य हो रहा है | मिथिला संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अंचलाधिकारी द्वारा भूमि की मापी नहीं की गयी है |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.सभी सम्बंधित संघों को निदेश दिया गया कि सिविल कार्य शुरू कराया जाय |

II.मिथिला संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिला पदाधिकारी से मिलकर भूमि सम्बन्धी समस्या का समाधान कराते हुए कार्य शुरू करावें |

III.बिहार राज्य भंडार निगम के अभियंता से समन्वय कर कार्य में तेजी लायी जाय |

**4. तरकारी आउटलेट का निर्माण :-** समीक्षा के क्रम में सब्जी संघ अंतर्गत प्याज भण्डारण योजना की अद्यतन स्थिति निम्न पाई गयी :-

Smy

| स्वीकृत | संघ | जमीन प्राप्त | वेजफेड से संघ को राशि हस्तांतरित PVCS की संख्या | निर्माणाधीन | पूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|
| 200 | तिरहुत | 19 | 19 | 18 | 01 |
| | हरित | 05 | 05 | 02 | |
| | मिथिला | 06 | 06 | 06 | |
| 200 | कुल | 30 | 30 | 26 | 01 |

पृच्छा किये जाने पर हरित सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बाजार में सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है | साथ ही लीज पर भी कोई भूमि देने को तैयार नहीं है | तिरहुत संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उन्हें आउटलेट हेतु कुछ स्थानों पर सरकारी भूमि प्राप्त हुयी है |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.संघों को निदेश दिया गया कि जिला पदाधिकारी से मिलकर भूमि उपलब्धता हेतु प्रयास करें | साथ ही संघ अंतर्गत आउटलेट संचालन हेतु अपनी बोर्ड की बैठक में योजना बनाकर कार्य करें |

II.तिरहुत सब्जी संघ को निदेश दिया गया कि संघ में स्थित राशि के उपयोग हेतु बोर्ड की बैठक में योजना बनाकर आउटलेट निर्माण का कार्य करावें |

**5. PVCS हेतु बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराने की योजना :-** समीक्षा के क्रम में सब्जी संघ अंतर्गत PVCS में बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराने की अद्यतन स्थिति निम्न पाई गयी :-

| संघ | राशि हस्तांतरित | लाभान्वित PVCS | वेजफेड से संघ को राशि हस्तांतरित PVCS की संख्या | संघ से pvcs को हस्तांतरित राशि (लाख में) | क्रय |
|---|---|---|---|---|---|
| तिरहुत | 5137600 | 52 | 52 | 47.42 | 0 |
| हरित | 6817200 | 69 | 69 | 52.36 | 0 |
| मिथिला | 6125600 | 62 | 62 | 50.38 | 11 |
| मगध | 2568800 | 26 | 26 | 19.76 | 16 |
| मुंगेर | 2667600 | 27 | 27 | 0 | 0 |
| शाहाबाद | 3952000 | 40 | 40 | 25.68 | 01 |

Sanj

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भागलपुर | 691600 | 07 | 07 | 0 | 0 |
| सारण | 4149600 | 42 | 42 | 28.65 | |
| कुल | 32110000 | 325 | 325 | 224.25 | 28 |

पृच्छा किये जाने पर राज्य प्रबंधक (HR&Adm) द्वारा बताया गया कि कुल 438 PVCS में योजना का लाभ दिया जाना है जिसमे से 325 PVCS हेतु सम्बंधित संघों को राशि हस्तांतरित करा दी गयी है | शेष PVCS में उन्हें संघ से सम्बद्धता प्राप्त होने के पश्चात् राशि हस्तांतरित करा दी जाएगी |

हरित एवं तिरहुत सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस माह में सभी सम्बंधित PVCS में बुनियादी उपकरण का क्रय करा लिया जायेगा |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.सभी सब्जी संघों को निदेश दिया गया कि PVCS हेतु उपलब्ध करायी राशि का उपयोग कराया जाय | सभी PVCS में कार्यालय व्यवस्थित हो जाय यह सुनिश्चित किया जाय |

II.मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी इसकी समीक्षा कर सभी PVCS में कार्यालय व्यवस्था सुनिश्चित करावें |

**6. PVCS / संघ / वेजफेड में मानव संसाधन उपलब्ध कराने की योजना :-** HR एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मियों के कार्यों के सम्बन्ध में पृच्छा करने पर हरित संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 70 % कर्मी कामयाब नहीं है |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.तिरहुत, हरित एवं मिथिला सब्जी संघ को निदेश दिया गया कि HR एजेंसी के कर्मियों के कार्यों की समीक्षा कर अपना मंतव्य वेजफेड को उपलब्ध करावें |

II.वेजफेड को निदेश दिया गया कि इसकी समीक्षा कर आवश्यक होने पर HR एजेंसियों के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें |

III.सब्जी संघों में सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हेतु राज्य प्रबंधक (HR & Adm) को इसकी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

**7. संघों को प्लास्टिक कैरेट उपलब्ध कराने की योजना :-** समीक्षा के क्रम में संघों द्वारा प्लास्टिक कैरेट क्रय करने की अद्यतन स्थिति निम्न पाई गयी :-

| संघ | स्वीकृत राशि | संघों को राशि हस्तांतरित | क्रय किये गए कैरेट की संख्या |
|---|---|---|---|
| तिरहुत | 52.00 लाख | 52.00 लाख | 13 हजार |
| हरित | 64.00 लाख | 48.00 लाख | |
| मिथिला | 28.00 लाख | 21.00 लाख | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मगध | 28.00 लाख | 21.00 लाख | |
| कुल | 1.72 cr. | 1.42 cr. | |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.हरित, मिथिला एवं मगध सब्जी संघ को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र GEM के माध्यम से नियमानुसार कैरेट का क्रय करा लिया जाय |

II.वेजफेड को निदेश दिया गया कि इसकी समीक्षा की जाय तथा हरित, मिथिला एवं मगध संघ के निवर्तमान मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की माँग की जाय |

**8. PVCS / संघ / वेजफेड में लेखा प्रणाली सशक्त करने के लिए CA एजेंसी :-** पृच्छा किये जाने पर तिरहुत सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि प्रारंभ में प्रत्येक जिला में एक-एक कर्मी कार्यरत थे बाद में कोई कर्मी नहीं आ रहे है |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.हरित, मिथिला एवं मगध सब्जी संघ को निदेश दिया गया कि अपने-अपने संघ का CA एजेंसी के कार्यों से सम्बंधित प्रतिवेदन / समस्या उपलब्ध करावें |

II. निदेश दिया गया कि इसकी गहन समीक्षा कर ली जाय |

**9. PVCS / संघ / वेजफेड के पदधारक एवं पदाधिकारियों हेतु प्रशिक्षण :-** समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लक्ष्य के अनुसार प्रशिक्षण की गति काफी धीमी है |

| संघ | राशि हस्तांतरित | लक्ष्य(किसान) | प्रशिक्षित |
|---|---|---|---|
| तिरहुत | 7960000 | 15920 | 7464 |
| हरित | 7812500 | 15625 | 2096 |
| मिथिला | 2228500 | 8490 | 2541 |
| कुल | 18001000 | 40035 | 12101 |

**सचिव, सहकारिता विभाग -सह- अध्यक्ष, वेजफेड द्वारा दिए गए निदेश :-**

I.राज्य प्रबंधक (प्रशिक्षण) को निदेश दिया गया कि योजना की समीक्षा कर ले |

II.सभी सम्बंधित सब्जी संघ को निदेश दिया गया कि अपनी बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लेकर योजना बनावें कि इसमे और क्या सुधार किया जा सकता है और उसे वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय |

**10.अन्य निदेश :-**

- **उपयोगिता प्रमाण पत्र की समीक्षा :-** उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) को निदेश दिया गया कि सभी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के साथ समन्वय कर चेक लिस्ट के साथ आवश्यक कार्य संपन्न करावें |
- **M-PVCS** के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए निदेश दिया गया कि सभी PVCS को जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक से सम्बद्ध करा लिया जाय | सभी संघों को भी बिहार राज्य सहकारी बैंक से सम्बद्ध करा लिया जाय|
- PMU, वेजफेड को निदेश दिया गया कि एक सप्ताह में **HR Policy** बनाना सुनिश्चित करें |
- राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) को निदेश दिया गया कि **Accounting Policy** बनाने हेतु एक टीम बनायी जाय जिसमे IFA, PMC एवं राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) शामिल रहेंगे |
- सभी सब्जी संघ एवं PVCS को निदेश दिया गया कि वे आपने दायित्यों को समझें | संघ समितियों का बैठक कर उन्हें टास्क दें | संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर PVCS को सक्रिय करावें |
- वेजफेड स्तर से PMC के कर्मियों को अन्य संघों में जाकर कार्य करने का निदेश दिया गया था, परन्तु समीक्षा के क्रम में संघों के अध्यक्ष / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि नए संघों में PMC के कर्मियों द्वारा योगदान नहीं किया गया है | इस सम्बन्ध में PMC, वेजफेड से स्पष्टीकरण की माँग की जाय | साथ ही राज्य प्रबंधक (HR&Adm) से भी स्पष्टीकरण की माँग की जाय कि उनके द्वारा संघों को इस सम्बन्ध में जानकारी नहीं दी गयी है |
- वेजफेड को निदेश दिया गया कि बैठक में अनुपस्थित मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सारण, भागलपुर, मुंगेर एवं शाहाबाद तथा प्रशासक, मिथिला सब्जी संघ से स्पष्टीकरण की माँग की जाय |
- सभी संघों को निदेश दिया गया कि जहाँ सब्जी का उत्पादन अधिक होता हो वहाँ सब्जी संग्रहण केंद्र की स्थापना हेतु स्थान चिन्हित किया जाय |
- सभी सब्जी संघों के उपविधि का अवलोकन कर एकरूपता करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय |

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया |

सचिव, सहकारिता विभाग
-सह-
अध्यक्ष, वेजफेड |

ज्ञापांक 1015...... दिनांक 11/08/2026

प्रतिलिपि:- 1.सचिव सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित |

2.सभी अध्यक्ष / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना / तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी / मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा / मगध सब्जी संघ, गयाजी / भागलपुर सब्जी संघ, भागलपुर / मुंगेर सब्जी संघ, मुंगेर / सारण सब्जी संघ, सारण एवं शाहाबाद सब्जी संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

3.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित |

4.सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-उपमुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

5.राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें |

6.श्री संजीव कुमार सुमन, PMC टीम लीड, वेजफेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

17/11/8/2026

प्रबंध निदेशक

वेजफेड,बिहार ,पटना |